माननीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया ने एक समर्पित शिक्षक के रूप में सेवाएं देने के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी के एक जमीनी कार्यकर्ता के रूप में अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की। बूथ स्तर से लेकर मंडल, जिला और राज्य नेतृत्व तक उठकर, उन्होंने जनसेवा के प्रति अपनी गहरी प्रतिबद्धता का परिचय दिया। वे कई गैर-सरकारी संगठनों के साथ भी सक्रिय रूप से जुड़ी रही हैं।

वर्ष 2005 में उनका औपचारिक राजनीतिक जीवन शुरू हुआ जब उन्हें घोघा सर्कल वार्ड नंबर 13 का पार्षद चुना गया, जिस पद पर वे वर्ष 2020 तक आसीन रहीं। उन्होंने भावनगर नगर निगम के मेयर(2009-2010, 2015-2018) के रूप में अपनी सेवाएं दी और गुजरात ठाकोर और कोली विकास निगम, गांधीनगर की निदेशक (2011-2016), भावनगर शहर की उपाध्यक्ष (2008-2010), भावनगर सिटी महिला मोर्चा की अध्यक्ष (2009-2011), गुजरात राज्य के उपाध्यक्ष (2011-2013) और गुजरात राज्य महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष (2013-2021) सहित प्रमुख नेतृत्व भूमिकाओं का निर्वाह किया।

उनकी नेतृत्व क्षमता को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें अमरेली, सुरेंद्रनगर, भावनगर और जूनागढ़ सहित कई जिलों का प्रभार सौंपा। स्थानीय राज्ये विधान सभा चुनावों की देखरेख के लिए उन्होंने गुजरात में भारतीय जनता पार्टी के निरीक्षक के रूप में भी सेवाएं दी।

वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में वे भावनगर (गुजरात) की सीट से विजयी हुईं, जो जमीनी स्तर पर उनके मजबूत समर्थन को दर्शाता है। वर्तमान में, वे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार में उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री के रूप में अपनी सेवाएं दे रही हैं।